e-office No. 568996/191 CF

**अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान**

(हिंदी अनुभाग)

अंसारी नगर, नई दिल्ली-29

फा.सं.7-1/2019-हिं.अ. दिनांक: 08/05/19

**विषय: अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान में सरकारी कामकाज में हिंदी पत्राचार में बढ़ोतरी संबंधी।**

भारत सरकार, गृह मंत्रालय, राजभाषा विभाग द्वारा जारी वार्षिक कार्यक्रम में सरकारी कार्यालयों के लिए निर्धारित लक्ष्यों के अनुसार अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान में 100% पत्राचार हिंदी में किया जाना अपेक्षित है लेकिन 31 दिसम्बर, 2018 को समाप्त तिमाही रिपोर्ट के अनुसार संस्थान में हिंदी पत्राचार लगभग 61% ही है जिसे दिनांक 22.03.2019 को निदेशक महोदय की अध्यक्षता में आयोजित हुई संस्थान की राजभाषा कार्यान्वयन समिति की बैठक में गम्भीरता से लिया गया और यह निर्णय लिया गया कि संस्थान के तिमाही प्रगति रिपोर्ट भेजने वाले सभी विभागों/अनुभागों/केंद्रों की तिमाही प्रगति रिपोर्ट में दर्शाए गए हिंदी में पत्राचार आदि संबंधी आंकड़ों में और वृद्धि की जाए।

अत: भारत सरकार, गृह मंत्रालय, राजभाषा विभाग द्वारा निर्धारित लक्ष्यों की पूर्ति एवं संस्थान की राजभाषा कार्यान्वयन समिति द्वारा लिए गए निर्णय के अनुपालन में संस्थान के तिमाही प्रगति रिपोर्ट प्रस्तुत करने वाले सभी विभागों/अनुभागों/केंद्रों से अनुरोध किया जाता है कि इस संबंध में आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित की जाए।

इसे आवश्यक अनुपालन हेतु जारी किया जाता है।

धीरेन्द्र

**(धीरेन्द्र वर्मा)**
उप-सचिव एवं
राजभाषा अधिकारी

**वितरण:-** तिमाही प्रगति रिपोर्ट प्रेषितकर्ता सभी विभाग/अनुभाग/केंद्र।

**प्रतिलिपि:-**

- निदेशक/संकायाध्यक्ष(शैक्षिक/अनुसंधान/परीक्षा)/चिकित्सा अधीक्षक महोदय के निजी सचिव।
- उप-निदेशक (प्रशासन)/वरिष्ठ वित्त सलाहकार महोदय के निजी सचिव।
- उप-सचिव एवं राजभाषा अधिकारी महोदय के निजी सचिव।
- मुख्य प्रशासन अधिकारी/वित्त सलाहकार/अधीक्षण अभियंता महोदय के निजी सचिव।
- उप-निदेशक (कंप्यूटर सुविधा) - कृपया इसे एम्स की वेबसाइट पर अपलोड करवाने की कृपा करें।

श्री पवन शर्मा
उचित कार्यवाही हेतु।

प्राप्त किया / RECEIVED
कम्प्यूटर सुविधा / Computer Facility
10 MAY 2019
समय / Time........................
... नई दिल्ली / A.I.I.M.S., New Delhi-29

11/5/19